सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in

अधिसूचना

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि माननीया कुलपति जी के आदेश के अनुक्रम में एम0एड0 एवं बी0पी0एड0 प्रथम वर्ष—2024 में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन **दिनांक 29—08—2024 से दिनांक 05—09—2024 तक के लिए पुनः पोर्टल खोला जा रहा है।** उक्त तिथि के पश्चात् किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

साथ ही जिन अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित शैक्षिक योग्यता समकक्ष (B.Ed. appearing) के अन्तर्गत आवेदन किया गया है ऐसे अभ्यर्थियों हेतु बी0एड0 का परीक्षाफल घोषित हो जाने के फलस्वरूप बी0एड0 अन्तिम वर्ष के **प्राप्तांकों को भरने का विकल्प भी खोला गया है।** अभ्यर्थी अपना आनलाइन आवेदन संशोधित व पूरित कर दें, जिसके आधार पर मेरिट सूची तैयार कर काउंसिलिंग की कार्यवाही प्रारम्भ की जा सके।

एम0एड0 एवं बी0पी0एड0—2024 की काउंसिलिंग **दिनांक 10 सितम्बर, 2024** से होना प्रस्तावित है।ऐसे छात्र जिन्होनें प्रवेश हेतु आवेदन पूरित कर दिया है, वे www.suksn.edu.in पर जाकर एडमिशन 2024—25 पोर्टल के रजिस्ट्रेशन कन्डीडेट लॉगिन पर अपने प्राथमिकता/वरीयता के अनुसार महाविद्यालय का चुनाव करते हुए वरीयता कालम मे **दिनांक 29 अगस्त, 2024** से **दिनांक 05 सितम्बर, 2024** तक पूरित कर दे जिससे प्रस्तावित तिथि को काउंसिलिंग सम्पन्न करायी जा सके।

विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.suksn.edu.in पर अवलोकित किया जा सकता है।

28/08/24

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक— 4667 /प0सा0/सि0वि0वि0/2024 दिनांक 28—08—2024

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. वित्त अधिकारी/कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. समस्त प्रभारी/विभागाध्यक्ष, सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी, सि0वि0वि0क0,सि0
6. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
7. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

उपकुलसचिव